संख्या-29 /2026/725/002-53-2002-001-9-2022

प्रेषक,

राम सहाय यादव,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मिशन निदेशक,

नन्द बाबा दुग्ध मिशन

उत्तर प्रदेश।

दुग्ध विकास अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 12-11-2026

विषयः- नन्द बाबा दुग्ध मिशन की वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अनुमोदिन कार्ययोजना के सापेक्ष राजस्व मद(अनुदान संख्या-16) में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष द्वितीय किश्त की धनराशि निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्रांक-565/नन्द बाबा दुग्ध मिशन/बजट(21)/2026-27, दिनांक 25 सितम्बर, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 20500.00 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या-19/2026/407/001-53-2002-001-9-2022, दिनांक 25.06.2026 द्वारा प्रथम किश्त के रूप में निर्गत धनराशि रू0 5125.00 लाख के पश्चात अवशेष धनराशि रू0 15375.00 एवं अनुपूरक मांग के माध्यम से प्राप्त धनराशि रू0 15000.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 30375.00 लाख में से द्वितीय किश्त के रूप में धनराशि रू0 10125.00 लाख की धनराशि निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 20500.00के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप धनराशि रू0 5125.00 लाख के निर्गतोपरान्त अवशेष धनराशि 15375.00 लाख एवं अनुपूरक के माध्यम से प्राविधानित रू0 15000.00 अर्थात कुल धनराशि रू0 30375.00 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में निम्न तालिका में अंकित विवरणानुसार धनराशि रू0 10125.00 लाख (रूपये एक अरब एक करोड़ पच्चीस लाख मात्र) की निम्नलिखित नियम, शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्रमांक	मद विवरण	अनुमोदित कार्य योजना की धनराशि	प्रथम किश्त के रूप स्वीकृतधनराशि	प्रथम किश्त में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय	द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4	5	6
राजस्व मद					
1 (I)	मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना	5780.00	884.00	884.00	1768.00
(II)	मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना	165.00	41.00	39.00	30.00
(III)	नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना	11695.00	729.00	281.25	1458.00
(IV)	मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना	21364.00	2196.00	1977.00	4392.00
(V)	प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों का गठन(प्रदेश में क्रियाशील दुग्ध मार्गो के अनाच्छादित ग्राम पंचायतों में)	3956.00	989.00	600.00	1978.00
(VI)	डेयरी हित धारकों के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता उन्नयन	658.00	78.00	12.55	89.00
(VII)	अन्य प्रदेशों की योजनाओं/बेस्ट प्रैक्टीसेज के अध्ययन हेतु विभागीय अधिकारियों के बाहय प्रदेश भ्रमण हेतु।	10.00	3.00	00.00	0.00
	योग-	**43628.00**	**4920.00**	**3793.80**	**9715.00**
2	स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेन्ट यूनिट (एस0पी0एम0यू0)	388.00	100.00	87.50	200.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3	डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजमेन्ट यूनिट(डी0पी0एम0यू0)18 जनपद में।	422.00	105.00	100.13	210.00
	योग राजस्व मद-(1+2+3)	44438.00	5125.00	3981.43	10125.00

नियम, शर्तें एवं प्रतिबन्ध

1. प्रश्नगत योजनाओं के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि का आकलन, निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुरूप, मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन द्वारा किया जायेगा। योजनावार एवं जनपदवार चयनित/ अनुदान प्राप्त कर चुके लाभार्थियों के आधार व मोबाइल के ऑकड़ों को संकलित किया जाय, जिससे लाभार्थियों की द्विरावृत्ति न हो।
2. प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु दी जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी मद/कार्य हेतु किया जायेगा तथा मानक मद से विचलन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।
3. मिशन निदेशक,नन्द बाबा दुग्ध मिशन उ0प्र0 यह सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य/मद हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है और न ही यह कार्य किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में सम्मिलित है।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय अनुमोदित परियोजना/प्रस्ताव राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों/गाइड लाइन्स एवं संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा।
5. आंकडों की शुद्धता का दायित्व मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन उ0प्र0 का होगा।
6. उक्त वित्तीय स्वीकृति उपलब्ध बजट प्राविधान की सीमा के अन्तर्गत रहेगी, यह मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन उ0प्र0 का उत्तरदायित्व होगा।
7. वित्तीय स्वीकृतियॉ जारी करने से पूर्व मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन, उ0प्र0 के स्तर पर की जाने वाली समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति अनिवार्यतः सुनिश्चित कर ली जाये।
8. बजट आवंटन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाये कि आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाये।
9. कोषागार से एकमुश्त धनराशि का आहरण न किया जाये, क्योकि धनराशि के एकमुश्त आहरण से राज्य के कैश मैनेजमेंट पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है।
10. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययता के सबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
11. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय नन्द बाबा दुग्ध मिशन उ0प्र0 के क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर निर्गत संगत शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।
12. मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन उ0प्र0 द्वारा स्टेट स्टीयरिंग कमेटी द्वारा अनुमोदित कार्ययोजनाओं के अनुसार आवश्यकता के अनुरूप ही धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

13. अवमुक्त की जा रही धनराशि यदि किसी ऐसे खाते में रखी जाती है, जिससे ब्याज अर्जित हो, तो मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन द्वारा उक्त ब्याज की धनराशि को निर्धारित लेखाशीर्ष में चालान के माध्यम से जमा कराते हुए चालान की छायाप्रति शासन को भी उपलब्ध कराया जायेगा ।

14. उक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में कर लिया जायेगा ।

15. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026 दिनांक 28 मार्च, 2026 उल्लिखित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

16. मिशन निदेशक, नन्द बाबा दुग्ध मिशन उ0प्र0 द्वारा स्वीकृत धनराशि का निर्धारित मदों में उपयोग सुनिश्चित कराते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र ससमय शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 1,01,25,00,000 (रुपये एक अरब एक करोड़ पच्चीस लाख मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मेअनुदान संख्या 016 लेखा शीर्षक 2404001021200 नन्द बाबा दुग्ध मिशनमानक मद 20 सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश अशासकीय संख्या-E-1-215-X-2026-27, दिनांक-4-11- 2026 मे प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
राम सहाय यादव
विशेष सचिव।

संख्या-29/2026/725(1) /002-53-2002-001-9-2022, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, लखनऊ/प्रयागराज ।

3- वरिष्ठ आडिट आफिसर (आडिट प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार, लेखापरीक्षा(प्रथम), प्रयागराज, उ0प्र0।

4- प्रबन्ध निदेशक, पी0सी0डी0एफ0लि0, लखनऊ।

5- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उ0प्र0 ।

6- वित्त नियन्त्रक, दुग्धशाला विकास/नन्द बाबा दुग्ध मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।

7- वित्त(व्यय-नियन्त्रण)अनुभाग-1/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-3/ राज्य योजना आयोग-3, उ0प्र0 शासन।

8- वेब मास्टर, दुग्धशाला विकास विभाग, जवाहर भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि इसे विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करें।

9- गार्ड फाइल।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

आज्ञा से,

रामबूझ

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।